प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

09.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"मुख्य समाचार"

- लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को केन्द्र ने दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आई.जी.एम.सी. शिमला में प्रदेश के पहले ट्रॉमा सेंटर का किया लोकार्पण–पूर्व भाजपा सरकार पर स्वास्थ्य क्षेत्र की अनदेखी का लगाया आरोप।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से की भेंट–हिमाचल में हाइड्रो पॉवर परियोजनाओं में निवेश के लिए किया आमंत्रित।
- कुल्लू जिला के पिरड़ी में हिमाचल सहित अन्य राज्यों के युवा सीख रहे हैं रिवर रॉफ्टिंग के गुर।

मंत्रिमंडल–फैसले

केन्द्रं सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह समावेशी विकास और पोषण सुरक्षा की दिशा में उठाया गया कदम है। इस योजना पर 17 हजार करोड रुपये से अधिक का खर्च आयेगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आई.जी.एम.सी. शिमला में 33 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित प्रदेश के पहले ट्रॉमा सेंटर का आज लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स दिल्ली के समान आधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रॉमा सैंटर की स्थापना से प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ होंगी। उन्होंने कहा कि ये ट्रॉमा सेंटर मरीजों की देखभाल के लिए उन्नत मशीनरी और आधुनिक तकनीक युक्त बिस्तरों की सुविधा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कांग्रेस सरकार लगातार काम कर रही है जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया

कि पूर्व सरकार ने चुनाव के समय आधे अधूरे भवनों व कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को झूठ बोलने की आदत हो गई है और वे हर दिन नए झूठ का प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने 20 महीने के कार्यकाल में कोई नया टैक्स नहीं लगाया है। बाद में मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी में तीन दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम स्टिमुलस–2024 के समापन समारोह में भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आईजीएमसी में दो छात्रावासों के निर्माण के लिए 5–5 करोड़ रूपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

<u>विक्रमादित्य</u>

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज मंडी शहर में कैम्प कार्यालय का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान लोगों से किए वायदों को आज पूरा कर दिया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कैम्प कार्यालय उन्होंने निजी संसाधनों से खोला है और मण्डी संसदीय क्षेत्र के साथ–साथ प्रदेश के लोग भी अपनी समस्याएं यहां रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय में प्राप्त समस्याओं को समाधान के लिए तुरंत शिमला भेजा जाएगा। इससे लोगों को अपने कार्य के लिए शिमला नहीं आना पड़ेगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विकास कार्यों में वे सांसद कंगना रणौत का सहयोग करते रहेंगे और दलगत राजनीति से उपर उठकर हिमाचल के विकास को आगे ले जाना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

<u>अनिरूद्ध</u>

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला जिला के नारकंडा में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ठियोग अस्पताल को जिला अस्पताल और कुमारसैन अस्पताल को आदर्श अस्पताल बनाने की घोषणा की। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब पंचायत भवन के निर्माण के लिए राशि बढ़ाकर एक करोड़ 14 लाख रूपए कर दी है। इस दौरान उन्होंने नारकंडा में हिमईरा कॉम्पलैक्स बनाने का भी ऐलान किया ताकि क्षेत्र की महिलाओं को उनके उत्पाद की बिक्री के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने नशे की बढ़ती प्रवृति को खत्म करने के लिए सांझे प्रयासों की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

बुटेल

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने कहा है कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वचनबद्धता से कार्य किए जा रहे हैं। वे आज बगौड़ा के ठंडा बाबा मंदिर परिसर में लोगों की समस्याओं को सुनने के अवसर पर बोल रहे थे। बुटेल ने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं है और विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर 6 सौ करोड़ से भी अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुसमल बहाव सिंचाई योजना के सुधार और कायाकल्प के लिए नाबार्ड से 5 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

धर्माणी–भेंट

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से भेंट कर उन्हें हिमाचल में हाइड्रो पॉवर परियोजनाओं में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश 2026 तक हरित उर्जा राज्य बनने की ओर अग्रसर है और इसी के मद्देनजर सरकार ने कई नवाचार कदम उठाए हैं। राजेश धर्माणी ने कहा कि सरकार जलविद्युत और नवीकरणीय उर्जा का दोहन करने पर विशेष बल दे रही है। बाद में उन्होंने बैंगलुरू में कर्नाटक के कौशल विकास मंत्री शरना प्रकाश पाटिल और उच्च शिक्षा मंत्री एम.सी.सुधाकर से भी मुलाकात की। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने मंत्रियों के साथ कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा में नए आयाम स्थापित करने की दिशा में विभिन्न नवाचार प्रयासों पर भी चर्चा की। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने युवाओं को रोजगार प्रदाता बनाने के उद्देश्य से उन्हें कौशल संवर्द्धन और ए.आई. आधारित विषयों का ज्ञान देने पर बल दिया। इस दौरान राजेश धर्माणी ने कर्नाटक कृषि विश्वविद्यालय के बायोफयूल केन्द्र का दौरा भी किया और केन्द्र के अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

टेरिटोरियल आर्मी

देश सेवा में समर्पित टेरिटोरियल आर्मी ने आज अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद और टेरिटोरियल आर्मी के कैप्टन अनुराग ठाकुर ने आर्मी के 75वें स्थापना दिवस पर सेना के सभी जवानों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि इस सेना के जवान 75 वर्षों से बिना किसी भय व संकोच के राष्ट्र सेवा में सदा तत्पर रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक सैनिक परिवार से संबंधित होने के नाते और देश सेवा की भावना को पूरा करने का अवसर उन्हें टेरिटोरियल आर्मी के माध्यम से मिला है।

किशोरी लाल

मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने कहा है कि प्रदेश के लोगों को प्रचुर मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज उन्होंने बैजनाथ स्थित चौबीन चौक में रीयल टाइम ड्रिंकिंग वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम लोगों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पेयजल की आपूर्ति की शुद्धता व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं को शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रणाली पर 15 लाख व्यय किये गये हैं।

रिवर रॉफ्टिंग

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली द्वारा कुल्लू जिला के पिरड़ी में ब्यास नदी में 14 दिवसीय रिवर रॉफ्टिंग प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया है। इस कोर्स में स्थानीय युवाओं के अलावा अन्य राज्यों अरूणाचल, हैदराबाद और पड़ोसी देश नेपाल से आए कुल 35 युवा रिवर रॉफ्टिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रॉफ्टिंग शिविर में युवाओं को रॉफ्ट पलटने के बाद बचाव की तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा रही है।

डाक विभाग

डाक विभाग द्वारा आज विश्व डाक दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष पर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की एक सौ 50वीं वर्षगांठ भी मनाई गयी। निदेशक डाक सेवाएं बिशन सिंह ने बताया कि इस दौरान शिमला में विधानसभा से सीटीओ चौक तक पोस्टथॉन वॉक रिले के माध्यम से फिट पोस्ट फिट इंडिया का संदेश दिया गया। बाद में पोस्टल कॉलोनी शिमला में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस दौरान बिशन सिंह ने अतरर्राष्ट्रीय पत्र लेखन स्पर्धा, हिंदी पखवाड़े के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यशाला

केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर में पर्यावरण विभाग व मानवता के समग्र विकास के लिए विद्यार्थी शोध द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज शुरू हुई। अनुसंधान आउटपुट और अनुसंधान नैतिकता की दृश्यता व गुणवत्ता बढ़ाने विषय पर आयोजित ये कार्यशाला का 11 अक्तूबर तक चलेगी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के शोध प्रमुख डॉक्टर हरीश गौतम ने बताया कि शोध विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को एक मंच पर लाने का प्रयास है जिससे इंटर डिसीप्लिनरी अप्रोच को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान प्रोफैसर ए.सी. पांडे ने समाज के समग्र विकास में अनुसंधान का योगदान व व्यावहारिक विज्ञान को सैद्धांतिक विज्ञान से जोड़ने पर जोर दिया।

‘मुख्य समाचार एक बार फिर’

- लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति को केन्द्र ने दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आई.जी.एम.सी. शिमला में प्रदेश के पहले ट्रॉमा सेंटर का किया लोकार्पण–पूर्व भाजपा सरकार पर स्वास्थ्य क्षेत्र की अनदेखी का लगाया आरोप।
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से की भेंट–हिमाचल में हाइड्रो पॉवर परियोजनाओं में निवेश के लिए किया आमंत्रित।
- कुल्लू जिला के पिरड़ी में हिमाचल सहित अन्य राज्यों के युवा सीख रहे हैं रिवर रॉफ्टिंग के गुर।